## एक नजर में

### मौसम के बिगड़े मिजाज, मानसून से पहले मेहरबान हो रहे बादल



**खरगोन।** शहर सहित समूच अंचल में मई महीने की शुरुआत से ही मौसम पूरी तरह से बदला हुआ है। अप्रैल में जो तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था, वह इन दिनों 33 डिग्री पहुंच गया है। रविवार को भी शाम 4.30 से 6.30 बजे तक कभी तेज तो कभी रुक-रुककर हुई बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। लगातार छाए बादल और बारिश के चलते लोगों को न केवल तेज धूप बल्कि उमस से भी राहत मिल रही है, बल्कि रात के समय कुलर, एसी से भी राहत मिल रही है। तहसील मौसम वैद्यशाला से मिली जानकारी अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। झ बेमौसम बारिश आमजन के लिए परेशानी का सबब भी बन रही है। शहर के गौशाला मार्ग पर एक कार तेज बारिश के चलते सड़क किनारे नाले में जा गिरी। कार सवार जावेद खान ने बताया कि वह कसरावद से आए थे, तेज बहाव के चलते सड़क और नाले में जमा पानी एक समान हो गया था, जिससे कार चालक मोड़ पर असंतुलित हो गया और वाहन नाले में जा गिरा।

### 17 व 18 मई को होगा प्रांत स्तरीय ब्रह्मोत्सव




**खरगोन।** आगामी 17 व 18 मई को शहर में प्रांत स्तरीय ब्रह्मोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस महते आयोजन के संयोजक एवं पूर्व विधायक रवि जोशी ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में महिला उद्यमी मेला, विवाह योग्य युवक.युवतियों का परिचय सम्मेलन, यज्ञोपवीत संस्कार, समाज की पुस्तिका का विमोचन, प्रतिभावान विद्यार्थियों और आचार्यों का सम्मान जैसे विविध कार्यक्रम होंगे। इन आयोजनों को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां गई है। प्रथम निमंत्रण श्री सिद्धिविनायक के श्रीचरणों में भेंट कर आमंत्रण वितरण शुरु किया गया। समाज की सभी इकाइयां समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचाएंगे। मीडिया प्रभारी नीरज ठक्कर एवं अनूप तिवारी ने बताया कि प्रतिभा सम्मान के लिए अब तक 150 विद्यार्थियों की प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी हैं। यज्ञोपवीत संस्कार में 41 बटुक, महिला उद्यमी मेले में 30 स्टॉल की बुकिंग हो चुकी है। करीब 150 आचार्य का सम्मान किया जाएगा। युवक.युवती परिचय सम्मेलन के लिए 100 से अधिक प्रविष्टियां आ चुकी है।

### पूर्व एनसीसी केडेट मिलन समारोह 24 मई, पूर्व एनसीसी केडेट समिति के गठन पर बनी सहमति



**खरगोन।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को पूर्व एनसीसी केडेट्स की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सर्वसहमति से पूर्व कैडेट्स समिति का अध्यक्ष दीपक कानूनगो व सचिव संजय कोचक को चुना गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाई गई। इसके अंतर्गत पूर्व केडेटस के मिलन समारोह पर सहमति बनी। आगामी 24 मई को महाविद्यालय परिसर में पूर्व एनसीसी केडेट्स मिलन समारोह आयोजन की सहमति बनी। इसमें पूर्व कैडेट्स को आमंत्रित कर उनका परिचय व सम्मान किया जाने पर विचार किया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व एनसीसी केडेट्स ने वर्तमान परिस्थितियों पर भी चिंतन व्यक्त किया। आगामी विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण की सहमति भी बनी। महाविद्यालय के पूर्व कैडेट्स को सोशल मीडिया से आमंत्रित किया जाएगा। पूर्व कैडेट्स के विचार मंथन से वर्तमान कैडेट्स को प्रेरणा भी मिल सकेगी। उक्त समारोह में देशभर से 200 से ज्यादा पूर्व कैडेट्स के आने का अनुमान है। इस दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष कानूनगो ने बताया कि पूर्व कैडैट्स मिलन समारोह से देशभक्ति, एकता व अनुशासन का संदेश प्रसारित होगा। इस दौरान पूर्व अंडर ऑफिसर आफताब खान, पियुष गुप्ता, अलकेश राठौर, श्रीराम राठौर, नरेन्द्र कर्मा, सचिन मोरे आदि मौजूद रहै। इन कार्यक्रमों पर बनी सहमति . पूर्व सैनिक जो केडेटस रहे उनका सम्मान . पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण . पूर्व केडेट्स मिलन समारोह . एनसीसी का जिलेभर में प्रसार . नशामुक्ति, रक्तदान कार्यक्रम आदि।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आशापुर सेक्टर के ग्रामों में जल संरक्षण की शपथ दिलाई



**खरगोन.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आशापुर सेक्टर ग्राम सिरसिया, मक्षी, टेकवा, बडवेल व बाकानेर में तहसील महेश्वर में जिला समन्वयक के निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था खराडी द्वारा जल बचाव की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जल के महत्व को ग्रामीणों को बताया गया और कहा गया कि जल है तो जीवन है। हमें दैनिक जीवन में जितने जल की आवश्यकता हो उतना ही जल उपयोग करना चाहिये। हमेशा साफ-पानी का सेवन करना चाहिये। जिससे परिवार के सदस्य को कोई बी मारी न हो। साथ ही जल बचाव की शपथ दिलाई गयी। इस दौरान नवांकुर संस्था से दीपक सिंह मंडलोई व परमानंद पाटीदार व सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राये व ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### 12 मई को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

**खरगोन.** कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 12 मई को प्रात- 11.00 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की जाएगी।





# हम शांति के कबूतर भी उड़ाना जानते है और आतंकी ठिकाने भी : कथावाचक पाराशर

## 7 दिवसीय भागवत महापुराण में डॉ . पाराशर बोले- हम दो हमारे दो हर धर्म पर हो लागू

**खरगोन।** भगवान श्रीकृष्ण ने शिशुपाल को 100 अपराध तक क्षमा किया, लेकिन जैसे ही 101वां अपराध हुआ, भगवान ने अपने सुदर्शन से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। इससे यह संदेश दिया कि हम भारतीय विश्व कल्याण की कामना करने वाले है। लेकिन हमारी शालीनता को कायरता न समझा जाए। जो जिस भाषा में समझता है उसी भाषा में समझाना जानते है। हम शांति के कबूतर उड़ाते है तो एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकाने भी उड़ा सकते है। उक्त उद्गार अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर ने टेमला में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के 7वें दिन कही। उन्होंने कहा यह शुभ संयोग है कि कथा शुरुआत के दौरान ऑपरेशन सिंदुर शुरु हुआ और कथा विराम के दिन समापन भी हुआ।

पाकिस्तान की हरकतों पर डॉ. पाराशर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकी भेजता रहा, लेकिन जब पानी सिर से उपर हुआ और हमने घर में घुसकर मारना शुरु किया तो आज समूचा विश्व भारत की शक्ति देखकर हैरान है। पाकिस्तान को कटोरा लेकर भीख मांगने पर मजबुर कर दिया है, अब न तो कोई उसे भीख दे रहा न ही मदद। इसे कुटनीति कहते है। जिस तरह कांटे को कांटे से निकाला जाता है, उसी तरह छोटे से ऑपरेशन उसे उसी की भाषा में जवाब देकर बता दिया कि हम किसी को छेड़ते नही और छेड़ते है तो छोड़ते नही।

**परिवार की जनसंख्या भी 56 करोड़** - डॉ. पाराशर ने डॉ. श्रीकृष्ण के 16,108 विवाहों की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की आठ पटरानियां थी, जिनमें रुक्मणि, जाम्बवन्ती, सत्यभामा, कालिन्दी, मित्रबिन्दा, सत्या, भद्रा और लक्ष्मणा, इनके अलावानरकासुर ने 16,000 कन्याओं को बंदी बना लिया था। श्रीकृष्ण ने नरकासुर का वध कर इन कन्याओं को मुक्१ त कराया। कन्याओं के परिजन उन्हें त्यागने से इनकार कर दिए, तब श्रीकृष्ण ने उनकी मर्यादा की रक्षा के लिए 16,000 रूपों में प्रकट होकर उनसे विवाह किया। हर रानियों से 10 पुत्र और एक पुत्री हुई, जिससे कुल 1 लाख 61 हजार 80 पुत्र हुए। इन पुत्रों के विवाह के बाद इनके परिवार की संख्या 56 करोड़ हो गई थी। एक परिवार की इतनी बड़ी जनसंख्या के चलते उनके राज्य की तरफ कोई नजर नही उठा सका।

देश एक तो धर्म के आधार पर कानून क्यों?- डॉ. पाराशर ने जनसंख्या वृद्धि पर चिंता जताते हुए कहा कि जब भगवान के परिवार में इतने लोग थे तो हम हम दो हमारे दो में क्यों उलझे है? जबकि दूसरे धर्म को देखे तो हम पांच और हमारे 25 सोच रखते है। सोचिए, वर्तमान में हम हमारे त्यौहार बिना डर के नही मना पा रहे, कब कहां से पत्थर आ जाए। उन्होंने कहा अभी अच्छा वातावरण है भारत के भविष्य को सुरक्षित रखना है तो भारत के भाग्य विधाता अभी इस गंभीर समस्या पर निर्णय लें। एक देश है तो धर्म के आधार पर अलग-अलग कानून क्यों?

यहां समस्या वाली भीड़ नही, विशुद्ध श्रोता आए- डॉ. पाराशर ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि भागवत का सार नाम संकीर्तन है और यह कथा भी वृंदावन के बालकृष्ण महाराज की कृपा से ग्राम टेमला में चल रहे श्री हरिनाम संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण हो रहे है और उसमें यह कथा आयोजित की गई, जिसमें ईश्वर की कृपा रही। यह संयोग है कथा की शुरुआत बालकृष्णजी से हुई और कथा भी विधायक बालकृष्ण पाटीदार एवं समिति के तत्वाधान में हो रहा है। कथा तो बहुत की लेकिन विशुद्ध श्रोता यहां देखने को मिले। अन्य कथाओं में लोग समस्या लेकर आते है लेकिन यहां श्रोता केवल कथा श्रवण के लिए आई।

भगवान की कृपा और समिति के पुरुषार्थ से सफल हुआ आयोजन डॉ. पाराशर ने कहा 7 दिवसीय कथा एवं हरिनाम संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को पुर्णाहुति और भंडारे के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान को विराम दिया जाएगा। आयोजन में कृपा और पुरुषार्थ की कमी नही रही। ठाकुरजी ने कृपा का कवच बना रखा और आंधी-तुफान, बारिश में भी कोई समस्या नही हुई। जबकि देश के अन्य इलाको में चल रही कथाएं बाधित हुई।

### इन्होंने लिया कथा श्रवण लाभ

प्रचार- प्रमुख राम्या पाटीदार ने बताया कथा विराम दिवस पर बालीपुर धाम आश्रम के पूज्य योगेश महाराज, पूर्व सांसद कृष्ण मुरारी मोघे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र राठोर, विहिप जिलाध्यक्ष नीतिन मालवीय, सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ. विराज भालके, कपास मंडी व्यापारी संघ, डॉ. गोविंद गुप्ता, डॉ. मधुसुदन बार्चे, महेंद्र यादव आदि ने कथा श्रवण का पुण्यलाभ लिया।

**वृंदावन का स्वरुप प्रदान हुआ**-समापन पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कथावाचक डॉ. पाराशर, भजनों में संगत देने वाले संगीतकारो, श्रोताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह गांव सबके संकल्प से वृंदावन बना। इसका समापन सोमवार को यज्ञ एवं भंडारे के साथ विराम दिया जाएगा। मेरी अपील है कि आप लोग सोमवार को भी पुर्णाहुति में शामिल होकर पुण्य लाभ लें, भंडारा प्रसादी ग्रहण करे।



# अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस पर बुजुर्ग माताओं का सम्मान कर के मनाया

**खरगोन,** वैश्य समाज महिला इकाई खरगोन की सभी मातृ शक्ति ने मिलकर आज कस्तूरी होटल खरगोन में अंतर्राष्ट्रीय मातृत्व दिवस मनाया और इस अवसर पर बुजुर्ग माताओं का सम्मान किया, वैश्य समाज महिला इकाई की हमेशा सभी की सेवा ओर सहयोग कार्य में अग्रणी रहता है, समय समय पर बच्चों का महिलाओं का ओर बुजुर्गों का सहयोग करते हुए कार्य करते हैं, आज अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस पर भी 75 वर्ष की ओर उनसे ऊपर की उम्र की महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष डॉक्टर कीर्ति जैन ने समाज की मातृ शक्ति का स्वागत अभिनंदन किया उनको माला पगड़ी पहना कर उपहार दिया और कहा कि मां की हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है जैसे जीवन देने वाली पालन-पोषण, शिक्षा और प्रशिक्षण, सहारा और समर्थन प्यार और ममता, माँ की भूमिका को शब्दों में बयां करना मुश्किल है, लेकिन यह निश्चित है कि माँ हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इस अवसर पर जिला प्रभारी राधा अग्रवाल ने बताया कि मातृत्व दिवस पर ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष मां के चरण स्पर्श करना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए इस अवसर पर जानकी खटोड़ वरिष्ठ आंटी ने कमला जैन का सम्मान किया , ाोयल ने भी मदर्स डे पर अपनी मां को याद करते हुए भारत मां की जयकार लगाई ।

### भाजपा उत्सव कमेटी गठित

**खरगोन।** भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने बताया कि पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वा जयंती वर्ष के रूप में संगठन स्तर पर 21 से 31 मई तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। भाजपा जिला कार्यालय से विजय मोरे ने बताया की लोकमाता के जयंती उत्सव को लेकर जिला अध्यक्ष द्वारा कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें जिला संयोजक लक्ष्मण इंगले, जिला सह संयोजक श्रीमती सरिता पाटीदार, सदस्य अखिलेश बर्वे, श्रीमती दर्शना मोयदे, श्रीमती पूर्वा व्यास को बनाया गया है। उक्त कमेटी जिले के शहरी, ग्रामीण स्थानीय निकाय में बैठक, गोष्ठी, शोभा यात्रा, महिला सशक्तिकरण के लिए दौड़, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिका, ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम करेगी। जिला केन्द्रों पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।




### रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समर कैंप का समापन, प्रतिभागियों को मिले सर्टिफिकेट

**खरगोन।** शहर के जैतापुर क्षेत्र में संचालित हो रहे विनय बाल मन्दिर स्कूल में चल रहे 21 दिवसीय समर कैंप का रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच समापन हुआ। समर कैंप के सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन में बच्चों ने केम्प के दौरान सीखी गई गतिविधियों का मंच से प्रदर्शन कर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने नृत्य तो किसी ने लाठी चलाने का प्रदर्शन किया। कई बच्चो ने कविता, भाषण, चित्रकला, वेस्ट से बेस्ट बनाने की अपनी बौद्धिक ओर रचनात्मक कला का प्रदर्शन कर सभी को अचंभित किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि दामिनी कानूनगो ने विभिन्न सामग्री की प्रदर्शनी ओर रंगारंग प्रस्तुतियां देखने के बाद कहा कि स्कूल प्रबंधन का यह प्रयास सराहनीय है। विशेष अतिथि प्रणिता गुप्ता ने कहा कि स्कूल प्रबंधन ने समर कैंप में बच्चो को न केवल कला निखारने के अवसर दिया बल्कि उसे प्रदर्शित करने का मंच भी दिया है। स्कूल संचालक उज्ज्वल अत्रे सहित अतिथियों ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

**एक नजर में** प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री वैष्णव व जनप्रतिनिधियों का माना आभार

# ताप्ती नर्मदा रेलवे लाइन समिति की बैठक में लिए कई निर्णय

**बिस्टान नि प्र । बड़वानी ताप्ती नर्मदा रेलवे लाइन समिति निमाड क्षेत्र की आवश्यक बैठक स्थानीय हुनमान मन्दिर सेगाव में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।जिसमे निमाड क्षेत्र में रेल लाने हेतु आगामी रेल संकल्प पूजन पर विस्तार से चर्चा की गई व रेल लाइन समिति द्वारा आमजनो में जनजागृति लाने हेतु प्रचार-प्रसार करने हेतु कार्य योजना बनाई गई।**




अतिथियो द्वारा भारत माता, नर्मदा मैया एवं श्री खाटूश्याम के चित्र का पूजन कर बैठक का शुभारम्भ किया गया।

बैठक में तय किया गया कि आगामी 23 जून, सोमवार को निमाड क्षेत्र के सभी सन्तजनों के कर कमलों से नर्मदा मैया के तट किनारे रेल संकल्प पूजन का भव्य स्तर पर आयोजन किया जाएगा जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की जनता में रेल लाने हेतु जनजागृति लाना तथा आंदोलन को गति देना है।

बैठक में अलीराजपुर से खण्डवा तक रेल लाइन के ड्रोन सर्वे की स्वीकृति दिए जाने, जो लगभग अपने अंतिम चरण में है इस हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सभी जिलों के जनप्रतिनिधिगणो व रेलवे के अधिकारियों को आभार व धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने कहा कि निमाड क्षेत्र में रेल लाइन का ड्रोन के माध्यम से सर्वे होना निमाड वासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

तथा उन्होंने कहा कि ड्रोन सर्वे की स्वीकृति मिलना तथा सर्वे का सफलता पूर्वक होना बड़ी बात है तथा हमे निमाड में रेल लाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना पड़ेगा जो की आगामी जून माह में रेल संकल्प पूजन से इसकी पुन: शुरुआत होगी।बैठक में तय हुआ कि आगामी 23 जून, समोवार दोपहर 1 बजे माँ नर्मदा के उत्तर तट पर स्थित धार जिले के ग्राम मलवाड़ा तहसील कुक्षी में नर्मदा मन्दिर के समीप नर्मदा तट पर किया जाएगा।

रेल संकल्प पूजन निमाड क्षेत्र के सन्तजनों के सानिध्य व उनके करकमलों से जनता जनार्दन की उपस्थिति में दोपहर 1 बजे भव्य रूप में किया जाएगा जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के चित्र को रखकर प्रतीकात्मक रूप से उनकी उपस्थिति मानकर किया जाएगा।

बैठक में अलीराजपुर, नानपुर, कुक्षी, निसरपुर, लोणी, बड़वानी, अंजड, जुलवानिया, खरगौन, भीकनगांव, बरूड, खण्डवा आदि जगह से अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में तय किया गया कि रेल संकल्प पूजन को सफल बनाने तथा जनजागृति लाने हेतु ड्रोन सर्वे के अनुसार जिन-जिन नगर व ग्रामो से रेल लाइन निकल रही उन नगरों, ग्रामो में बैठके आयोजित कर रेल संकल्प पूजन में आमंत्रित किया जाएगा तथा अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगौन व खण्डवा जिले के मुख्य नगरों व शहरों में बैनर लगा कर प्रचार प्रसार किया जाएगा। स्वागत भाषण जिला बड़वानी इकाई के अध्यक्ष हरिकिशन कुशवाह द्वारा दिया गया, संचालन जिला बड़वानी इकाई के सचिव राजेन्द्र भावसार ने तथा आभार जिला उपाध्यक्ष सुनील भावसार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर राहुल सोनी, दशरथ सिंह यादव, कृष्णकांत पंचोली, शांतिलाल सोमानी, धुरजी पाटीदार, शंकरराव निर्मलकर, बालकृष्ण सोनगरा, राजेश राठौड़, कैलाश गंधवानी, बिसन पटेल, जितेंद्र फोंगला, शोभाराम पाटीदार, शिखरचंद जैन, दयाल परिहार, कमलेश झंवर, कपिल पाटीदार, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।